कैंटोनमेंट बोर्ड की लापरवाही

सड़कों पर बह रहा सीवेज का गंदा पानी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. उपनगर मुरार का कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र इस समय प्रशासनिक कमजोरी और सफाई कर्मचारियों की मनमानी का शिकार बना हुआ है। पूरे कैंटोनमेंट क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं दम तोड़

घरों में लगा कचरे का ढेर

रही हैं। एक तरफ जहां सीवेज का गंदा पानी सड़कों और मुख्य रास्तों पर खुलेआम बह रहा है, वहीं दूसरी तरफ डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से घरों में कचरे के ढेर लग गए हैं।

अधिकारियों के खोखले आश्वासन, जनता परेशान

क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि कचरा उठाने की व्यवस्था बार-बार प्रभावित हो रही है। जब इस संबंध में कैंटोनमेंट बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की जाती है, तो उनका एक ही रटा-रटाया जवाब मिलता है— 'कर्मचारियों को बोल दिया है, जल्द ही कार्य हो जाएगा।' लेकिन अधिकारियों के इन दावों के बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है और लोग कई दिनों तक नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

इन इलाकों में स्थिति सबसे बदतर

यह समस्या किसी एक गली या मोहल्ले की नहीं है, बल्कि पूरे कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र की है। विशेष रूप से सुंदर नगर, काली माता मंदिर वाली गली, और काशीपुर के आसपास के क्षेत्रों में आलम सबसे ज्यादा खराब है। सीवेज के उफनते पानी और सड़ते कचरे के कारण इस समय इन रास्तों से पैदल निकलना भी दूभर (दुश्वार) हो चुका है। स्थानीय लोगों में इस प्रशासनिक सुस्ती को लेकर भारी आक्रोश है।

नागरिकों का पक्ष

इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने अपना तीखा आक्रोश व्यक्त किया है :

अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज हमारा घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर सीवेज का बदबूदार पानी बह रहा है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा चौबीसों घंटे बना रहता है। टैक्स लेने में बोर्ड कभी पीछे नहीं रहता, लेकिन जब सुविधाओं की बात आती है, तो सिर्फ आश्वासन मिलते हैं। अगर जल्द ही इस व्यवस्था को नहीं सुधारा गया, तो हम सभी निवासी मिलकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

आकाश गुर्जर, काली माता मंदिर बाली गली, कैंटोनमेंट क्षेत्र

हमारे इलाके में कई दिनों से कचरा गाड़ी नहीं आई है, जिससे घरों में कचरे के ढेर लग गए हैं। सुंदर नगर और काली माता मंदिर वाली गली की हालत इतनी खराब है कि यहां पैर रखने तक की जगह नहीं है। अधिकारियों को समस्या बताने पर वे इसे गंभीरता से नहीं लेते और सफाई कर्मचारी अपनी मर्जी से काम करते हैं। इस प्रशासनिक कमजोरी का खामियाजा भुगतना आम जनता की मजबूरी बन गया है।

निखिल शर्मा, काशीपुरा, कैंटोनमेंट क्षेत्र

डिस्क कारोबारी को गोली मारने वाले दो इनामी पकड़े

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. बहोड़ापुर थाना पुलिस ने कोटेश्वर कॉलोनी निवासी डिस्क कारोबारी विक्की यादव को जबरन अगवा कर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे दो मुख्य और शातिर आरोपियों सोनू यादव और राहुल यादव को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों ही आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दस-दस हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया था। इस मामले में पुलिस चार सह-आरोपियों रिंकू कमरिया, चेतन पाण्डे, प्रियांशु दुबे और छोटू उर्फ सत्येन्द्र कमरिया को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सीएसपी कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि कोटेश्वर कॉलोनी निवासी विक्की यादव डिस्क (केबल) का काम करता है। बीती 31 मई की रात वह अपने दोस्त

का जन्मदिन मनाने विनय नगर सेक्टर चार स्थित पुलिस चौकी के पास आया था। तभी वहां आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे और विक्की पर डिस्क के धंधे में जबरन पार्टनरशिप करने का दबाव बनाने लगे। जब विक्की ने साफ इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने उसे जबरन कार में डाला और विश्वविद्यालय इलाके में ले जाकर जान से मारने की नीयत से गोली मार दी।

क्षेत्र में पैदल घुमाकर निकाला जूलूस

थाना प्रभारी आलोक परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों इनामी बदमाशों को दबोचने के बाद कोर्ट में पेश करने से पहले इलाके में उनका पैदल जुलूस निकाला। बदमाशों को उस स्थान पर ले जाया गया जहां उन्होंने अपना आतंक फैलाया था और वहां 'सीन री-क्रिएशन' कराया गया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई के बाद कभी इलाके में खौफ का पर्याय रहे दोनों बदमाश सरेराह जनता के सामने हाथ जोड़कर अपने किए की माफी मांगते और घुटनों पर चलते नजर आए।

जमीनी विवाद में डबरा के पिछोर तिराहे पर फायरिंग

ग्वालियर 9 जुलाई. लंबे समय से चले आ रहे जमीनी विवाद को लेकर डबरा सिटी थाना क्षेत्र का पिछोर तिराहा बुधवार देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा। विवाद के चलते आरोपी परवेन्द्र गोयल (निवासी हनुमान कॉलोनी, डबरा) ने डबरा वार्ड 3 निवासी अर्जुन जाटव को सामने देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और कमर से पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से सीधे फायर झोंक दिया। गनीमत यह रही कि निशाना चूक गया और अर्जुन जाटव बाल-बाल बच गया। अचानक हुई फायरिंग से तिराहे पर भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए छिपे। डबरा सिटी थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस बल ने घेराबंदी कर आरोपी परवेन्द्र गोयल को हथियार सहित मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है।

बारिश से शहर में बढ़े सर्पदंश के मामले, रोजाना जेएएच पहुंच रहे मरीज

राशि भदौरिया

ग्वालियर 9 जुलाई. ग्वालियर में मानसून सक्रीय होते ही सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे है। शहर के जयारोग्य अस्पताल (जेएएच) समूह के न्यू जेएएच अस्पताल की मेडिसिन आईसीयू में इन दिनों सर्पदंश से पीड़ित औसतन 4 से 5 मरीज रोजाना अपना इलाज कराने पहुंच रहे है जिसमे विषैले और गैर विषैले दोनों तरह के सांपों के शिकार लोग शामिल हैं। इन मरीजों में अधिकांश पीड़ित मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे हैं जिनमे किसान और मजदूरों की संख्या अधिक है। जेएएच पीड़ितों का इलाज करने वाला प्रमुख सरकारी अस्पताल है, जिसके पास सांप के जहर के असर को कम करने वाली दवाइयों का पर्याप्त भंडार रहता है। डॉक्टरों का कहना है की अस्पताल में सांप के काटने के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है और मरीजों को वही दिया जा रहा है। इसके बाद मरीजों को 6 से 8 घंटे तक अस्पताल में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा जा रहा है ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की संभावित जटिलताओं से बचाया जा सके। 1 जुलाई से अबतक 40 से अधिक मरीज अपना इलाज कराने जेएएच पहुंच चुके है जिनमे से कई सारे मरीज सफल इलाज के बाद घर वापस जा चुके है, जबकि कुछ मरीजों का इलाज अभी भी अस्पताल में जारी है।

सांप के काटने पर क्या न करें- सांप के जहर को मुँह से चूसने की कोशिश बिलकुल न करें। झाड़ फूँक के चक्कर में न पड़े और मरीज को तुरंत नजदीकी अस्पातल ले जाए। सांप द्वारा काटे गए अंग को कसकर न बांधें। घाव पर चीरा न लगाएं।

मौसम अच्छा होने कारण में हवा खाने घर की छत पर गया था तब अचानक मेरे पैर पर कुछ चुभा। इसके बाद जब मैंने पैर की तरफ देखा तो वहां एक काला सांप दिखा जिसके बाद मेरे घरवाले तुरंत मुझे अस्पताल लेके पहुंचे।

राहुल मिश्रा (आर्य नगर, मुरार)

बारिश की वजह से घर पर लाइट न होने के कारण हम घर के बहार चबूतरे पर बैठे थे उसी समय मुझे मेरे हाथ पर कुछ चलने का एहसास हुआ। मैं जब तक समझ सकी की मेरे हाथ पर क्या था तब तक एक पीले सांप ने मुझे काट लिया।

स्नेहा जैन (मीरा नगर, मुरार)

12 जुलाई को मिस्टर एंड मिस सुपर मॉडल, ऑडीशन शुरु

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. सने वर्ल्ड मोशन पिक्चर्स की ओर से फैशन और ग्लैमर में रुचि रखने वाले ग्वालियर के युवाओं को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'मिस्टर एंड मिस सुपर मॉडल 2026' फैशन शो का आयोजन करने जा रहा है। इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन आगामी 12 जुलाई को ग्वालियर के आई.पी.इस. कॉलेज में किया जाएगा। यह शहर का पहला फैशन शो होगा जहां कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क रखा गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इसमें भाग ले। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मॉडलिंग और फैशन के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम फैशन के दुनिया में अपना नाम कमाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका होगा।

क्या है कार्यक्रम से जुड़े लोगों का कहना

ग्वालियर में इस कार्यक्रम का रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क किया जाएगा और साथ ही ग्रूमिंग क्लास भी नि:शुल्क दी जाएगी। ग्वालियर में फैशन और ग्लैमर के क्षेत्र में अपना करियर बनाने की चाह रखने वाले 230 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर ऑडिशन दिया है जिसमें से 70 मॉडलों को चुना गया है। इन सभी मॉडलों को ग्रूमिंग क्लास कोरियोग्राफर अनीति सिंह देंगी।

अनुज श्रीवास्तव (डायरेक्टर सिने वर्ल्ड मोशन पिक्चर्स)

मॉडल को ऐसा पहनावा चुनना चाहिए जो उनके कॉन्फिडेंस और डिजाइनर के विजन को दिखाए, रैंप पर चलते समय उनका स्टाइल बेहद आत्मविश्वास से भरा, संतुलित और सीधा होना चाहिए, ताकि वह अपने कपड़ों की खूबसूरती को पूरी तरह से जज और दर्शकों के सामने पेश कर सके।

सोनू मनालिया (फैशन डिजाइन)

इस फैशन शो का मुख्य उद्देश्य ग्वालियर और आसपास के क्षेत्रों की छिपी हुई मॉडलिंग प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है। इस शो के माध्यम से चुन गए विजेताओं को फैशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के बड़े अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें वीडियो एल्बम ' तू मुंडा है पंजाब का' में लीड रोल दिया जाएगा और मैगजीन कवर फीचर में विजेताओं का फोटो दिया जाएगा।

शिवम शर्मा (प्रोड्यूस, तू मुंडा है पंजाब का)

फैशन शो में 3 दिन की ग्रूमिंग सेशन के दौरान मॉडल को बॉडी लेंग्वेज, रैंपवॉक, पर्सनल स्टाइलिंग और कम्युनिकेशन के गुण सिखाए जाएंगे।

अनीति सिंह (कोरियोग्राफर)

एक दिवसीय नृत्य महोत्सव 28 को

ग्वालियर। एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर सोसाइटी द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक सप्ताह के अंतर्गत 28 जुलाई (मंगलवार) को एक दिवसीय नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता रूप सिंह स्टेडियम के सामने स्थित बाल भवन ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

आर जे एन अपोलो हॉस्पिटल में पेट कैंसर रोग ओपीडी11 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. शहरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हुए इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स, नई दिल्ली के वरिष्ठ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं कैंसर सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. दिनेश सिंघल अब नियमित रूप से ग्वालियर में परामर्श देंगे।

डॉ. दिनेश सिंघल जी.आई. , एच.पी.बी.एवं रोबोटिक सर्जरी के वरिष्ठ कंसल्टेंट हैं और पेट, आंत, लिवर, ग्रासनली, पैंक्रियास, गॉलब्लैडर, बाइल डक्ट तथा कोलन एवं रेक्टम से संबंधित कैंसर एवं अन्य जटिल रोगों के विशेषज्ञ हैं।

यह विशेष ओपीडी प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को आयोजित की जाएगी। इस ओपीडी का आयोजन शनिवार, 11 जुलाई को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को महानगरों जैसी उच्च स्तरीय सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।

15 से कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. धर्मनगरी लक्ष्मीगंज में 15 से 21 जुलाई 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन समस्त पाण्डेय परिवार के तत्वावधान में किया जाएगा।

कथा का वाचन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. घनश्याम शास्त्री महाराज के श्रीमुख से होगा। कथा का आयोजन आराधना बैंक्वेट हॉल, हरे शिव गार्डन के समीप, ए.बी. रोड, लक्ष्मीगंज, लश्कर में प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। कथा महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व 15 जुलाई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नागदेवता मंदिर, छत्री मंडी से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर पूज्य महाराज का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण के बीच कलश यात्रा कथा स्थल पहुंचेगी, जहां विधिवत श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा की परीक्षित शांति देवी पाण्डेय होंगी।

अपेक्स बैंक प्रशासक यादव ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे कृषि कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सहकारिता योजनाओं और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सहकारी समितियों का निरीक्षण किया तथा किसानों से संवाद स्थापित किया। दौरे के दौरान महेन्द्र सिंह यादव ने सहकारी समितियों से जुड़े किसानों से

मुलाकात कर उन्हें सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषि और किसानों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर किसान अपनी आय बढ़ाएं और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र यादव ने जिले के ग्राम उटीला, अर्सेली, टिहौली, बड़ेरा, टांकौली, भोगीपुरा, डबका, आरोली, हस्तिनापुर, तोर, मुख्तयारपुरा, फूले का पुरा, सुमावली, बेहट एवं अन्य गाँवों का भ्रमण कर सोसायटियों का निरीक्षण किया ।

प्री-वेडिंग शूट में जा रही अर्टिगा को ऑटो ने मारी टक्कर

ग्वालियर। भिंड निवासी प्रेम सिंह राजावत अपनी मां रमा देवी और मित्र श्रीओम भदौरिया के साथ अपनी अर्टिगा कार से ग्वालियर में आयोजित एक मित्र की शादी के प्री-वेडिंग शूट समारोह में शामिल होने आ रहे थे। बुधवार दोपहर जैसे ही उनकी कार फूलबाग गुरुद्वारे के पीछे संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास पहुंची, तभी महल गेट के सामने चिड़ियाघर की तरफ से आ रहे ऑटो के चालक ने घोर लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के साइड के दोनों दरवाजे बुरी तरह पिचक गए और लॉक हो गए।



अतिक्रमण से सिकुड़ रहीं सड़कें, हर दिन जाम से जूझ रहे लोग

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर 9 जुलाई. शहर के व्यस्ततम मुरार बाजार में लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मुख्य बाजार की सड़कों पर दुकानों का

फुटपाथों पर कब्जा, सड़क तक फैला सामान व अव्यवस्थित पार्किंग बनी परेशानी का कारण

सामान सड़क तक फैला होने, फुटपाथों पर अस्थायी कब्जे और अव्यवस्थित वाहन पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लगना आम बात हो गई है। मुरार बाजार खरीदारी का प्रमुख केंद्र होने के

कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। लेकिन सड़क के दोनों ओर बढ़ते अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। फुटपाथों पर कब्जा होने से लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

रहवासियों और व्यापारियों के अनुसार कई बार नगर निगम और प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में त्योहारों और बढ़ती भीड़ के दौरान हालात और गंभीर हो सकते हैं। बाजार आने वाले नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क किनारे' खड़े रहते हैं, जिससे पहले से संकरी हो चुकी सड़क और अधिक बाधित हो जाती है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं तथा मरीजों को अस्पताल ले जाने वाले वाहनों पर पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड व अन्य आपातकालीन सेवाओं को होती है, जिन्हें जाम के कारण समय पर रास्ता नहीं मिल पाता। स्थानीय लोंगो का कहना है कि नगर निगम, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएं, फुटपाथों को पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित करें, अवैध पार्किंग पर सख्ती करें ताकि आम नागरिकों को भी राहत मिल सके।

कैट महिला विंग का शपथ ग्रहण समारोह 11 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 जुलाई. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग द्वारा ग्वालियर चम्बल

महिला उद्यमी सम्मेलन में संगीता पाटिल मुख्य अतिथि होंगी

संभाग का सम्भागीय सम्मेलन 11 जुलाई शनिवार को उपरान्ह 3.00 बजे होटल प्रहलाद पेलेस में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में कैट महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती संगीता पाटिल (महाराष्ट्र) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। जबकि विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब ग्वालियर अध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.प्रियम्बदा भसीन

एवं जेसीआई की पूर्व नेशनल प्रेसीडेंट अंजली बत्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

कार्यक्रम संयोजक रीनागांधी, कविता जैन ने बताया कि कैट की नवीन टीम में श्रीमती निरूपमा मालपानी अध्यक्ष, श्रीमती भारतीय महेश्वरी सचिव एवं सीए श्रीमती तन्वी खण्डेलवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर नवीन टीम का शपथ ग्रहण समारोह भी होगा। साथ ही डबरा सहित आठ जिलों की महिला विंग आऐगी और भारतीय व्यापार महोत्सव 12 से 14 अगस्त तक भारत मण्डपम नई दिल्ली में आयोजित हो रहा है उसके संबंध में विस्तुत चर्चा की जायेगी।